बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सी॰डब्लू॰जे॰सी॰ संख्या – 18486/2019, कुमार देवेश बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक 24.02.2021 को पारित आदेश के अनुपालन में वि॰सं॰– 53/2014, सहायक प्राचार्य, इतिहास के पदों पर नियुक्ति हेतु एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 53017597 का अतिरिक्त परीक्षाफल

आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में इतिहास विषय के सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 53/2014 का परीक्षाफल दिनांक 25.05.2019 को प्रकाशित किया गया था एवं दिनांक 21.08.2019 को उसमें संशोधन किया गया था।

दिनांक 21.08.2019 को परीक्षाफल में किये गये संशोधन के आलोक में एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 53014125 के अनारक्षित (01) कोटि के अन्तर्गत चयन के कारण अनारक्षित (01) कोटि के अन्तर्गत अन्तिम सफल घोषित उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 53017597, कुमार देवेश के लिए रिक्ति शेष नहीं रहने के फलस्वरूप आयोग द्वारा उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया गया था।

परीक्षाफल रद्द किये जाने के विरूद्ध अनुक्रमांक – 53017597, कुमार देवेश द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में C.W.J.C. No- 18486/2019, कुमार देवेश बनाम् राज्य सरकार एवं अन्य दायर किया गया जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 24.02.2021 को आदेश पारित किया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित उपर्युक्त आदेश के अनुपालन में वि॰सं॰– 53/2014 के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में इतिहास विषय के सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग, बिहार द्वारा विशेष परिस्थिति में उपलब्ध करायी गई अनारक्षित (01) कोटि की 01 रिक्ति के विरूद्ध आयोग अनुक्रमांक – 53017597 को सफल घोषित करता है। इसे भविष्य के लिए पूर्वोदाहरण नहीं समझा जायेगा।

18.8.22

तिथि: 18 अगस्त, 2022

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना